# बिहार विधान परिषद

## (बिहार विधान परिषद् का 194वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 03 मार्च 2020

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

Total Short Notice Question- 11

----

### कार्रवाई पर विचार

***54 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. में अब आयुष्मान योजना के लिए स्वास्थ्य प्रबंधकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन इस योजना का प्रसार-प्रचार नहीं होने से इसका लाभ गरीब-गुरबा मरीज नहीं ले पा रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. में आयुष्मान मित्रों का घोर अभाव है, जिससे अस्पताल में आयुष्मान योजना की स्थिति बेहद खराब है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलायेगी कि उक्त स्थिति में इस योजना से गरीब, असहाय मरीजों को लाभ पहुंचाने के हेतु कौन-सी कार्रवाई करने के लिए विचार कर रही है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

### भोजन में रोटी

***55 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि व्यक्ति के स्वास्थ्य की दृष्टि से रात में रोटी खाना आवश्यक हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए पिछले 5 (पांच) वर्षों से भोजन में रोटी देने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते मरीजों की बीमारी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(ग) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरीजों के भोजन में रोटी देने की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## त्रुटियों को दूर करने का विचार कबतक

*56 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के भगवानपुर प्रखंड के वार्ड-2 4,5,6,7,8,12 एवं 13 में हर घर जल नल योजना के तहत 1305 घरों में नल का कनेक्शन दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि कुछ वार्डों में एक समय पानी चलाया नहीं जाता तो कुछ में जगह-जगह लीकेज है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में दोनों समय पानी एवं त्रुटियों को दूर करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## योजना लागू कबतक

*57 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **उद्योग** be pleased to state:-
: क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अति पिछड़ा समाज के युवाओं को उद्यम लगाने के लिए राज्य सरकार का 10 लाख रुपये देने का प्रस्ताव है, दस लाख में 50 प्रतिशत अनुदान होगा;

(ख) क्या यह सही है कि उद्यम लगाने के इच्छुक युवा उद्योग विभाग की साइट पर 150 एक्टिविटी में से किसी एक के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त योजना कब से राज्य में प्रभावी होगी ?

----

## ब्रेक थेरेपी मशीन की व्यवस्था

***58 श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. का कैंसर विभाग देश के सबसे पुराने कैंसर संस्थानों में से एक था, यहां वर्ष 1933 में रेडियम विभाग में कैंसर का इलाज शुरू हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में रेडिएशन के लिए ब्रेक थेरेपी मशीन नहीं होने के कारण यहां के मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त मशीन नहीं होने के कारण इसका खामियाजा सबसे अधिक गरीब मरीज ही भुगत रहे हैं, क्योंकि रेडिएशन से सेंकाई के लिए निजी अस्पतालों में कम-से-कम 50 हजार रुपये खर्च करने पर रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पी.एम.सी.एच. में उक्त मशीन उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## वेतन का भुगतान

***59 श्री रामचन्द्र भारती (मनोनीत):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह सही है कि पटना मेडिकल कॉलेंज अस्पताल के अधीक्षक डा. राजीव रंजन प्रसाद सेवानिवृत्त हो चुके हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सेवानिवृत्त अधीक्षक के स्थान पर डा. विद्यापति चौधरी

अधीक्षक के प्रभार में हैं जिन्हें अभी तक वित्तीय अधिकार नहीं मिला है;

(ग) क्या यह सही है कि प्रभारी अधीक्षक को वित्तीय अधिकार नहीं रहने के कारण वहां के नर्सों का वेतन नवंबर माह से बंद है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नर्सों के वेतन भुगतान सुनिश्चित करने हेतु शीघ्र कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अविलंब कार्रवाई

*60 **श्री सतीश कुमार (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह सही है कि मोतिहारी सदर अस्पताल स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड लोगो है जो गंदगी के अंबार के कारण मरीजों के साथ परिजनों एवं स्वास्थ्यकर्मी तथा डॉक्टरों को काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा साफ-सफाई तथा कचनरा का उठाव आउटसोर्सिंग एजेंसी को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपयों के अनुबंध पर दिया जाता है परंतु इनके द्वारा एस.एन.सी.यू., आई.सी.यू. आंख अस्पताल एवं इंडोर विभाग सहित अस्पताल के प्रांगण के सभी नाले जाम तथा जगह-जगह कचरा लगा हुआ एवं शौचालय व वार्ड की स्थिति काफी खराब है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार आउटसोर्सिंग एजेंसी पर अविलम्ब कार्रवाई कर इनके एकरारनामा को रद्द करने हेतु कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नीति बनाने पर विचार

*61 **श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. में संस्थापित डायलिसिस, वेंटिलेटर एवं अन्य महंगी मशीन को खराब अवस्था में रख दी गई है जिसके कारण आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल रही है;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग के अधिकारीगण इन महंगे मशीनों को खरीदने के लिए उतावले रहते हैं परन्तु इसके सम्यक् रख-रखाव की व्यवस्था के प्रति लापरवाही बरतते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार का पैसा खर्च होने के बाद भी रोगी को सुविधा के लिए निजी अस्पतालों में जाने के लिए बाध्य होना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी मशीनों के रख-रखाव की व्यवहारिक नीति बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र को स्थानांतरित

*62 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लिए पंचायत मुख्यालय सफापुर में महामहिम राज्यपाल के नाम से जमीन निबंधित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पंचायत मुख्यालय में पूर्व से संचालित स्वास्थ्य उपकेन्द्र को स्थानांतरित कर उसी पंचायत के मीनापुर में स्थापित करने एवं अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र को राज्यपाल के नाम से निबंधित पंचायत मुख्यालय सफापुर की जमीन पर कबतक स्थापित कराना चाहती है ?

----

## मेडिकल कॉलेज खोलने पर विचार

*63 **श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव चल रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अन्य जिला में मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु कार्य शुरू किया जा चुका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार औरंगाबाद जिला के कौन सी जगह पर मेडिकल कॉलेज खोलने हेतु भवन का निर्माण कराना चाहती है,

यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत पोल हटाने पर विचार

***64 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के शिवशंकर पथ में बीच सड़क पर बिजली का पोल गाड़ देने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है और आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित में क्या सरकार उक्त बिजली के पोल को वहां से हटाकर सड़क के किनारे में स्थापित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----